दिनांक : 24.08.2025 समय : 07:10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा भारत रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म के मंत्र के साथ दुनिया को मंदी की दौर से उबारने की स्थिति में
- कटनी कॉन्क्लेव से सरकार को आठ माइनिंग कम्पनियों द्वारा 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले
- केंद्रीय सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भोपाल-जबलपुर के बीच नए ग्रीनफील्ड हाईवे की घोषणा की
- प्रथम खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में मध्य प्रदेश वाटर स्पोर्ट्स केनो स्लालम और रोइंग अकादमी 10 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदक जीत कर चैम्पियन बना

प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था है और जल्द ही वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। दिल्ली में एक निजी मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति और ब्याज दरें कम हैं और साथ ही देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी मज़बूत है। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत रिफॉर्म, परफार्म और ट्रांसफार्म के मंत्र के साथ दुनिया को मंदी की दौर से उबारने की स्थिति में है।

माइनिंग कॉन्क्लेव

कटनी कॉन्क्लेव से सरकार को आठ माइनिंग कम्पनियों द्वारा 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पर हर्ष जताते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में खनिजों की खोज और खनन क्षेत्र में नई संभावनाओं को एक्सप्लोर करने की दिशा में यह आयोजन बहुत सफल रहा है। ये निवेश प्रस्ताव हमें और बेहतर करने की नई ऊर्जा देकर उत्साहित भी करते हैं। उन्होंने कहा है कि खनिज संसाधनों के मामले में मध्यप्रदेश कभी किसी से पीछे नहीं रहा है। अब नई परिस्थितियों और संभावनाओं के अनुरूप हम मध्यप्रदेश को देश के माइनिंग स्टेट के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश का यही सही समय है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से अपील की कि दिल खोलकर मध्यप्रदेश में बेहिचक निवेश कीजिए, हम आपको निराश नहीं होने देंगे।

“रूहmantic”

महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन में 27 अगस्त को प्रदेश के द्वितीय वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन सम्मेलन “रूहmantic” का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर आध्यात्मिक पर्यटन पर पीएचडीसीसीआई-केपीएमजी की रिपोर्ट "आस्था और प्रवाह: भारत के पवित्र स्थलों में जनसमहू का मार्गदर्शन" का विमोचन किया जाएगा।

आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास प्रभु सम्मेलन के मुख्य वक्ता होंगे। यह सम्मेलन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) द्वारा पर्यटन मंत्रालय और मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

गडकरी राजमार्ग

केंद्रीय सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल जबलपुर में मध्यप्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर ब्रिज का लोकार्पण किया। सात किलोमीटर लंबे इस फ्लाईओवर का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखा गया है। इस मौके पर 4 हजार 250 करोड़ से अधिक लागत की 174 किलोमीटर लंबी 9 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया। देश में पहली बार ऐसा हुआ था कि सीआरएफ से काम स्वीकृत किया गया है। श्री गडकरी ने 15 हजार करोड़ रुपए की लागत वाले और 255 किमी लंबाई के भोपाल-जबलपुर नए ग्रीनफील्ड हाईवे और 5 हजार 500 करोड़ के टाइगर कॉरिडोर परियोजना के साथ अन्य सड़क परियोजनाओं की घोषणा की।

वॉटर स्पोर्ट्स

श्रीनगर की डल झील में प्रथम खेलों इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025 में प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश वाटर स्पोर्ट्स केनो स्लालम और रोइंग अकादमी ने 10 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदक अपने नाम कर चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया पदक तालिका में मध्यप्रदेश 18 पदकों के साथ पहले स्थान पर, 10 पदक लेकर दूसरे स्थान पर उड़ीसा और तृतीय स्थान पर 7 पदक लेकर केरल रहा। कल अंतिम दिन कल मध्य प्रदेश वाटर स्पोर्ट्स केनो स्लालम और रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने खेल का श्रेष्ठतम प्रदर्शन करते हुये 6 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित 11 पदक जीते। हितेश पुरुष वर्ग केनो स्लालम के-1 में, पल्लवी जगताप ने महिला वर्ग केनो स्लालम सी-1 में, शिखा चौहान ने महिला वर्ग केनो स्लालम के-1 में, ध्रुवराज ने पुरुष वर्ग केनो स्लालम सी-1 में, मनीषा दागी और जिज्ञासा रेंगर ने रोइंग के डबल स्कल ओपन वेट में, रुकमनी दांगी और संतोष ने रोइंग के महिला वर्ग डबल स्कल में स्वर्ण पदक जीता।

गोला फेंक

चैन्नई में 64 सी नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खेल अकादमी के एथेलेटिक्स शाटपुट खिलाड़ी समर दीप सिंह गिल ने 19 दशमलव 82 मीटर दूर गोला फेंककर स्वर्ण पदक जीता। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के शॉट पुट खिलाड़ी अमरदीप सिंह गिल की सराहना कर स्वर्ण जीतने पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

खेल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के युवाओं और नागरिकों को फिटनेस की ओर प्रेरित करने के 'एक घंटा खेल के मैदान में' आहवान पर मध्यप्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस 29 से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल एवं फिटनेस कार्यक्रम किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले इस खेल महोत्सव से प्रदेश में खेल भावना और फिट इंडिया मुहिम को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने निर्देश दिये कि प्रदेश के सभी 313 विकासखण्ड में खेल और फिटनेस गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने एवं नागरिकों में जागरूकता फैलाने के लिए जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों, खेल प्रमोटरों, स्कूलों और कॉलेजों को भी इस कार्यक्रम से जोड़ा जाए।

आजीविका मिशन

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय आजीविका फ्रेश मेला भोपाल हाट में कल शुरू हुआ। मेले में विभिन्न जिलों से आई स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा रसायन रहित एवं जैविक तरीके से उगाये हुये कृषि उत्पादों, दुग्ध उत्पादों सहित अन्य उत्पादों का विक्रय सह प्रदर्शन किया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की राज्यमंत्री राधा सिंह ने मेले का शुभारंभ किया। मेले में विभिन्न जिलों से आई ग्रामीण स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा स्टॉल लगाये गये हैं। सब्जियों में श्योपुर एवं अलीराजपुर जिले के ककोडे लोगों की पसंद बने हुये हैं।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी है और अगले 3 दिन तक तेज बारिश की संभावना जताई गई है। आज दमोह, सागर सहित 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। कल भोपाल समेत 20 जिलों में बारिश हुई है। सर्वाधिक 17 सेंटिमीटर बारिश बडौदा में दर्ज की गई।

समाचार संक्षेप में .....

- आगरमालवा शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कल आयोजित एक दिवसीय शतरंज कार्यशाला में 300 से अधिक प्रशिक्षु खिलाड़ी शामिल हुए।
- छतरपुर के किशनगढ़ के शासकीय उ.मा. विद्यालय, थाना परिसर में बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने अधिकारियों, पुलिस टीम एवं स्कूली छात्र छात्राओं के साथ एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया।
- पांढुर्ना में विश्व प्रसिद्ध गोटमार मेला कल पांढुर्ना व सावरगांव के बीच जाम नदी पर गोटमार खेलने की परंपरा को निभाकर मनाया गया।
- पश्चिम मध्य रेलवे ने वर्ष 2025-26 के लिए अप्रेंटिस भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके तहत कुल 2865 पद भरे जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 30 अगस्त से शुरू होकर 29 सितम्बर की मध्यरात्रि तक चलेगी।
- मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद, द्वारा आत्मबोध से विश्वबोध कलम से मंच तक कार्यशाला एवं जश्न-ए-आजादी मुशायरा का आयोजन कल जनजातीय संग्रहालय, भोपाल में किया गया।

-------